
# जिले की सहकारिता व्यवस्था पर प्रशासन से कार्रवाई की उम्मीद

**सिवनी नवभारत। सिवनी जिले की सहकारिता व्यवस्था इन दिनों जिलेभर में जन चर्चा का बड़ा विषय बनी हुई है। ग्रामीण अंचलों से लेकर जिला मुख्यालय तक किसानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों के बीच सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली को लेकर तीखी चर्चाएं चल रही हैं। जिसमें जिले के ब्लॉकों—लखनादौन, घंसौर, छपारा, सिवनी, बरघाट, कुरई से वित्तीय अनियमितताओं, अवैध वसूली, ऋण प्रबंधन में गड़बड़ी तथा उपार्जन प्रक्रियाओं में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है। जिसमें प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती से काम नहीं माना जा रहा है आज किसान हर तरह से परेशान हैं किसानों को कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हो रही है जिससे किसानों में भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है और जिसके चलते भविष्य में कहीं ना कहीं कोई बड़ी घटना घटने की आकांशा दिखाई दे रही है।**

### पूरे ब्लॉकों में किसानों का बढ़ते आक्रोश से बड़ी घटना की उम्मीद

सूत्रों के हवाले विभागीय से मिली जानकारी के अनुसार, सहकारिता विभाग से जुड़े कुछ क्षेत्रों में लंबे समय से शिकायतें उठती रही हैं, लेकिन अब किसानों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। किसानों और स्थानीय संगठनों का आरोप है कि सहकारिता व्यवस्था, जिसका मूल उद्देश्य किसानों को राहत और आर्थिक मजबूती देना है, वह कई स्थानों पर किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। जिसमें सबसे ज्यादा अगर परेशानी हो रही है तो जिले की लखनादौन, घंसौर, धूमा और नगनदेवरी क्षेत्र की समितियां इस समय सबसे ज्यादा चर्चा में हैं।

सूत्रों का दावा है कि ऋण वितरण, ब्याज वसूली, हिस्सा राशि कटौती और उपार्जन प्रक्रिया



को लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें सामने आई हैं। किसानों का कहना है कि कई समितियों में निर्धारित नियमों से अधिक ब्याज वसूला जा रहा है तथा अलग-अलग मदों के नाम पर अतिरिक्त राशि ली जा रही है। जन चर्चा के अनुसार सबसे बड़ा सवाल कुछ कर्मचारियों और प्रबंधकों की आर्थिक स्थिति को लेकर उठ रहा है।

ग्रामीणों के बीच यह सवाल लगातार चर्चा में है कि सीमित वेतनमान में कार्यरत कुछ कर्मचारियों के पास बड़ी संपत्तियां, आलीशान मकान और महंगे वाहन कैसे पहुंचे। लोग इसे जांच का विषय मान रहे हैं और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार सूचना के अधिकार (आरटीआई) से प्राप्त दस्तावेजों और जमीनी दावों में भी बड़ा अंतर सामने आया है।दस्तावेजों में जहां सीमित ब्याज दर का उल्लेख है, वहीं किसानों का आरोप है कि कई समितियों में इससे अधिक ब्याज वसूला जा रहा है।

### प्रशासन पर बढ़ा दबाव, किसान संगठनों ने दी आंदोलन की चेतावनी

सूत्रों के मुताबिक किसान संगठनों द्वारा सहकारिता विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को विस्तृत शिकायत और विधिक नोटिस सौंपा गया है। इसमें कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच, विशेष ऑडिट और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। किसान संगठनों ने स्पष्ट किया है कि यदि समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में जिलेभर में व्यापक आंदोलन, चक्काजाम और प्रशासनिक कार्यालयों के घेराव की रणनीति अपनाई जा सकती है।फिलहाल यह मामला पूरे जिले में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। किसानों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की निगाहें अब प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं। आने वाले दिनों में जांच और प्रशासनिक प्रतिक्रिया यह तय करेगी कि इन आरोपों में कितनी सच्चाई है और सहकारिता व्यवस्था में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं। हालांकि जिला कलेक्टर गंभीर मामलों में संज्ञान लेकर कार्यवाही करने में सबसे आगे हैं क्योंकि किसी भी आम नागरिक हो या किस हो सबको सरकार की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए जिससे किसी को किसी प्रकार की कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े

### सदस्यता शुल्क व पर्ची को लेकर आ रही शिकायतें

यदि यह तथ्य जांच में सही पाए जाते हैं, तो यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का मामला माना जाएगा। और धूमा क्षेत्र में सदस्यता शुल्क और पर्ची शुल्क को लेकर भी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। वहीं कुरई क्षेत्र में किसानों के नाम पर कथित फर्जी ऋण आहरण की चर्चाएं ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से फैल रही हैं। इसके बाद केवलारी और बरघाट में उपार्जन के दौरान तौल में कटौती को लेकर भी किसानों में नाराजगी देखी जा रही है। छपारा और सिवनी क्षेत्र में खाद-बीज की उपलब्धता और कथित ब्लैक मार्केटिंग को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं।

## पेट्रोल पंप संचालक पर चाकू से हमला, नगदी लूटकर फरार आरोपी, ग्रामीणों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग



**सिवनी नवभारत।** जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत चक्की खमरिया मार्ग पर पेट्रोल पंप संचालक पर चाकू से हमला कर नगदी लूटने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष एवं ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर आरोपी के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन के अनुसार, ग्राम जोगीवाड़ा निवासी देवीशंकर पाल (42 वर्ष) 16 जून की सुबह अपने पेट्रोल पंप का हिसाब-किताब कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में आरोपी हर्षपाल पाल (22 वर्ष), पिता बबलू पाल तेज रफ्तार चारपहिया वाहन से पहुंचा और रास्ता रोककर चाकू से हमला कर दिया। हमले में देवीशंकर पाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। आरोपी मौके का फायदा उठाकर पेट्रोल पंप के हिसाब की नगदी राशि लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में दहशत का माहौल बनाए हुए है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी पर पहले भी ग्रामीणों को धमकाने, हमला करने तथा जमीन पर अतिक्रमण करने जैसे आरोप लग चुके हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से आरोपी के खिलाफ लूट और जानलेवा हमले की धाराओं में सख्त कार्रवाई करने तथा कथित अतिक्रमण हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया की तैयारी होगी जिसमें ग्रामीणों में देवीशंकर पाल, मनिराम पाल, बबलू पाल, जगदीश पाल, नरेश पाल, लालसिंह, दुर्गा प्रसाद, श्याम बघेल, बिंदु पटेल, विनोद पाल, कमलेश धुर्वे, सुधीर बघेल, गम्भीर सिंह, पवन एवं बैसाखी शामिल हैं।

## पीएम श्री हायर सेकंडरी स्कूल बादलपार में वितरित साइकिलों की गुणवत्ता पर सवाल

**सिवनी नवभारत।** प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना संचालित की जा रही है, लेकिन पीएम श्री हाई सेकंडरी स्कूल बादलपार में वितरित की गई साइकिलों को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में वितरित की गई एक साइकिल में चौंकाने वाली खामियां सामने आई हैं। स्थानीय स्तर पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि साइकिल के कई पुर्जे ढीले थे और सबसे हैरानी की बात यह रही कि साइकिल के पहिए में ट्यूब ही नहीं थी। इतना ही नहीं, साइकिल में लगे टायर में भी दरारें दिखाई दे रही थीं, जिससे उसकी गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि छात्रों को इस प्रकार की घटिया एवं असुरक्षित साइकिलें वितरित की जा रही हैं तो यह न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ भी सीधा खिलवाड़ है। खराब साइकिल के कारण कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रह सकती है।





ग्रामीणों और अभिभावकों ने मांग की है कि संबंधित विभाग द्वारा तत्काल जांच कराई जाए तथा साइकिलों की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच कर दोषी सप्लायर और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि सरकार की जनहितकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने नहीं दिया जाना चाहिए। अब बड़ा सवाल यह है कि जब साइकिलों का वितरण किया गया, तब उनकी गुणवत्ता की जांच किस स्तर पर की गई? यदि वितरण के समय ही ऐसी खामियां मौजूद थीं तो जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आना चाहिए। विद्यार्थियों के हितों से जुड़ी इस गंभीर समस्या पर प्रशासन कब तक संज्ञान लेता है, यह देखने वाली बात होगी।

## परासिया पंचायत में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के आरोप





**सिवनी नवभारत।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परासिया में शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण, राजस्व भूमि से अवैध खुदाई तथा पंचायत स्तर पर कराए गए निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, बिना किसी अनुमति के शासकीय पहाड़ी भूमि को जेसीबी मशीन से खोदकर ग्रेवल रोड निर्माण में लगभग सैकडो ट्रॉली मिट्टी-मुरम डाली गई। बताया जा रहा है कि यह भूमि राजस्व विभाग के अधीन है, इसके बावजूद खुलेआम खुदाई किए जाने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में यह भी आरोप है कि राजस्व भूमि पर पूर्व में जल संरक्षण और पानी सोखने के उद्देश्य से शासन द्वारा मजदूरों के माध्यम से कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य कराया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि पर अमित नागेंद्र पिता इंद्र सिंह नागेंद्र द्वारा जेसीबी मशीन चलाकर लगभग 5 एकड़ शासकीय भूमि को समतल कर कब्जा कर लिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे मामले में पंचायत स्तर पर सरपंच और सचिव की मिलीभगत होने की आशंका जताई जा रही है। साथ ही शासन द्वारा लगभग 5 लाख रुपये की लागत से किए गए कार्यों को भी नुकसान पहुंचाया गया, जिससे सरकारी राशि पर सीधा नुकसान हुआ है। राजस्व विभाग की चुप्पी पर भी ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग मौन बना हुआ है, जिससे पूरे मामले में संदेह और गहरा गया है। ग्रामीणों ने यह भी मांग उठाई है कि राजस्व विभाग की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इसके अलावा ग्राम पंचायत में 14वें वित्त, 15वें वित्त और पंच परमेश्वर मद से कराए गए निर्माण कार्यों पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सीसी रोड और नाली निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया गया। जहां निर्माण में 10 एमएम और 12 एमएम सरिया उपयोग होना था, वहां कथित रूप से 8 एमएम सरिया का उपयोग किया गया। साथ ही सीसी रोड और नालियों में निम्न गुणवत्ता के मसाले का इस्तेमाल किए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत में कराए गए अधिकांश निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया। वहीं विधायक निधि और सांसद निधि से कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत परासिया में शासकीय भूमि अतिक्रमण, अवैध खुदाई, निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और गुणवत्ता संबंधी शिकायतों की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन गंभीर आरोपों पर क्या कदम उठाता है।

### एक नजर में

## मेहरापिपारिया के रजनीश टेभंरे का अग्निवीर में चयन

सिवनी। कान्हीवाड़ा मंडल क्षेत्र के शक्ति केंद्र ग्राम मेहरापिपारिया निवासी नानक राम टेभंरे के सुपुत्र रजनीश टेभंरे का अग्निवीर में चयन होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। रजनीश की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण माना जा रहा है। मेहरापिपारिया में आयोजित विदाई समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। इस दौरान रजनीश टेभंरे का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य, सफल सैन्य जीवन तथा राष्ट्रसेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी गई।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि गांव के एक होनहार युवा का देश की रक्षा और सेवा के लिए चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। रजनीश की सफलता से अन्य युवाओं को भी सेना में भर्ती होकर देशसेवा के लिए आगे आने की प्रेरणा मिलेगी।इस अवसर पर सभी ने रजनीश के स्वस्थ, सुरक्षित एवं सफल जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे अपने परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करें। रजनीश टेभंरे को अग्निवीर चयन पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई.



## श्री बड़े बाबा का विधान हुआ संपन्न



लखनादौन। आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज आचार्य समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से आर्यिका रत्न श्री 105 विज्ञान मति माताजी ससंघ सानिध्य में श्री बड़े बाबा विधान सानंद संपन्न हुआ विधान में 24 पुन्यारजक परिवार श्रावक श्रेष्ठी बने, सर्वप्रथम प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव श्री 1008 आदिनाथ भगवान जी बड़े बाबा का महा मस्त का अभिषेक हुआ, रजत? कलश से शांति धारा करने का सौभाग्य श्री आनंद कुमार अर्पित कुमार जी जैन गल्ला वाला परिवार, सिघंई श्री धन्य कुमार जी जैन पीयूष जैन सिघंई परिवार ने प्राप्त किया. लखनादौन नगर गौरव वाणी भूषण प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी विजय भैया जी का सानिध्य में बड़े बाबा विधान हुआ, राजा छत्रसाल का पात्र चयन हुआ सिघंई श्री दीपक कुमार जी जैन अध्यक्ष विजय कुमार जी जैन राजा छत्रसाल का पात्र बनने का सौभाग्य प्राप्त किया, 8 सौभाग्यशाली पात्रों ने अष्टप्रातिहार रखने का सौभाग्य प्राप्त किया, विधान माडना में मंगल कलश रखने का सौभाग्य श्रीमती वर्षा जैन डॉ. सुषमा जैन श्रीमती परिधि जैन श्रीमती खुशी जैन श्रीमती प्रीति जैन ने प्राप्त किया, दीप प्रज्वलन करने का सौभाग्य उपाध्यक्ष श्री पंकज जैन को प्राप्त हुआ, भगवान के पाच कल्याण के महा अर्घ चड़ाने का सौभाग्य श्रीमती साधना जैन श्रीमती रंजना जैन श्रीमती आयुषी जैन श्रीमती प्रीति जैन श्री पंकज जैन को प्राप्त हुआ, मा आर्ग चढ़ाने का सौभाग्य श्री सुनील जैन नमन जैन को प्राप्त हुआ जयमाला समुच्चय अर्घ चढ़ाने का सौभाग्य एडवोकेट हरीश जैन राहुल जैन को प्राप्त हुआ. एवं विधान संपन्न हुआ, पूज्य आर्यिका मां विज्ञान मति माताजी के श्री मुख से अमृतमय मधुर वाणी श्रावकों ने श्रृजन की आर्यिका मां ने प्रवचन में आवश्यकता अनुसार जल का उपयोग करें.

## जहरीले पदार्थ के सेवन से अधेड़ की मौत

कान्हीवाड़ा नवभारत। कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भटेखारी में एक 50 वर्षीय व्यक्ति द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन करने का दुखद मामला सामने आया है। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही पीड़ित ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भटेखारी निवासी वीर सिंह पटले 50 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद वे आनन-फानन में उन्हें तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कान्हीवाड़ा लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत कामाख्या तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित

**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कामाख्या तीर्थ यात्रा के लिए सिवनी जिले को कुल 196 यात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है। यह यात्रा 11 जुलाई 2026 से 16 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों एवं इच्छुक श्रद्धालुओं से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय, नगरपालिका अथवा नगर परिषद कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 जून 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन के साथ आयु संबंधी प्रमाण पत्र, फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड, वोटर आईडी अथवा अन्य वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र) तथा समग्र आईडी की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

## कान्हीवाड़ा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**कान्हीवाड़ा नवभारत।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या हाईस्कूल ग्राउंड, कान्हीवाड़ा में भारतीय जनता पार्टी मंडल कान्हीवाड़ा के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल कान्हीवाड़ा के समस्त कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात योग प्रशिक्षक एवं पतंजलि योग केंद्र के संचालक श्रीराम ठाकुर के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराया गया। योग क्रियाओं का संचालन हरिशंकर साहू द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सभापति इन्द्रकुमार जंघेला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। साथ ही मंडल प्रभारी श्रीराम ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष अजय ठाकुर, युवा मोर्चा



मंडल महामंत्री एडवोकेट अंकित साहू, मंडल मीडिया प्रभारी संतोष बंदेवार, बूथ अध्यक्ष नेपाल चंद्रवंशी, सोनू बंदेवार, भगवानदास साहू, हरिशंकर साहू, चंद्रकांत साहू, मानव साहू, नारायण आहके, संजू साहू, तीरथ साहू, प्रिंसिपल रजक सर, शिक्षक टक्कन सिंह परते, क्षितिज कुमार जंघेला सहित कन्या शाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने का माध्यम है। उन्होंने सभी से नियमित योग अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

## सांदीपनि विद्यालय छपारा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ योगाभ्यास

**छपारा नवभारत।** वर्तमान समय में जीवन शैली इतनी व्यस्त और मशगूल हो गई है कि स्वयं के लिए समय नहीं रहता। वहीं योग से स्वयं को निरोग और ऊर्जावान बनाए रखने के लिए नगर के खैर माई मढ़िया के समीप स्थित सांदीपनि विद्यालय में 21 जून को सुबह 6 बजे से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योगाभ्यास का आयोजन किया गया।

इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित नगर एवं क्षेत्रीय वासियों और जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने योग की विभिन्न विधाओं और आसनों को सीखा।

### नियमित योग से ही संभव है स्वस्थ जीवन प्राचार्य

इस विशेष अवसर पर छपारा सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार रहमतकर द्वारा उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया गया। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि योग को केवल एक दिन के उत्सव तक सीमित न रखें, बल्कि स्वस्थ और सुखी रहने के लिए नियमित योगाभ्यास को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।



### दक्ष योग गुरुओं के मार्गदर्शन में संपन्न हुए आसन

सामूहिक रूप से आयोजित इस योगाभ्यास में सभी आसनों को विद्यालय के दक्ष योगगुरु शिक्षक एवं शिक्षिका के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। उपस्थित जनों को प्राणायाम, कपालभाति और विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराते हुए उनके शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में बताया गया।

## नि :शुल्क हृदय रोग, स्त्री रोग एवं सर्वरोग स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**छपारा नवभारत।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी छपारा के संयोजन में नगर में 21 जून दिन रविवार को नगर के मिशन स्कूल भवन परिसर में एक दिवसीय नि:शुल्क हृदय रोग स्त्री रोग एवं सर्व रोगों की जांच परामर्श एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शुभारंभ करने क्षेत्रीय व केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह के मुख्य आतिथ्य में सुबह 11 बजे पहुंचे उक्त स्वास्थ्य शिविर पर जीवांता हेल्थ केयर सेंटर जबलपुर से वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अनिमेष गुप्ता, डॉ के एल उमामहेश्वर एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना ठाकुर पहुंचे जहां कुल 225 मरीजों ने सभी बिमारियों हेतु नि:शुल्क परिक्षण एवं अन्य जांचें करवाई जहां इनमें से कुछ जटिल बिमारियों हेतु मरीजों को नि:शुल्क उपचार हेतु जबलपुर भेजा गया वहीं कुछ इनमें पुराने मरीज भी पहुंचे जिनका आपरेशन पूर्व में किए गए थे ऐसे मरीजों ने भी इस शिविर में पहुंच कर अपनी जांच करवाई यह शिविर दोपहर लगभग 5 बजे तक चला वहीं मुख्य अतिथि केवलारी



विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा गया कि सभी क्षेत्रीय जनों को इस शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ मिले ऐसी मेरी अपेक्षाएं हैं वहीं इस तरह के जनहित और स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने वाले शिविरों का आयोजन आगामी समय में और भी होंगे ब्लाक कांग्रेस कमेटी छपारा सभी के इस शिविर के सफल आयोजन पर बहुत बहुत बधाई एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचे सभी चिकित्सकों का धन्यवाद आभार व्यक्त करता हूं और साथ -साथ सभी मरीजों के लिए जल्द स्वस्थ हों ऐसी मेरी ईश्वर से कामना है। वहीं शिविर आयोजन के दौरान जानकारी प्राप्त होने पर कि मिशन स्कूल छपारा के शिक्षक देवरी कला निवासी ठाकुर राम पंचेश्वर अचानक हृदय घात से दुखद मौत का समाचार सुनकर उन्हें दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।


**किराए से देना**

अनमोल रेसीडेंसी, आशिर्वाद पेलेस के सामने, वरदान नेत्रालय के बाजू मे ज्यारत मे टू-बी.एच.के. मकान एवं मकान से सटी 14X18 तीन दुकान किराए से देना है।

संपर्क करे

6264000057


**आयोजन** | विधायक 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल, योग हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है : दिनेश राय मुनमुन

# सामूहिक योगाभ्यास और प्राणायाम कर दिया निरोग रहने का संदेश

सिवनी नवभारत। रविवार 21 जून को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सामूहिक योगाभ्यास और प्राणायाम कर निरोग रहने का संदेश दिया। जिला मुख्यालय सिवनी स्थित फुटबॉल स्टेडियम मैदान में प्रात: 6:00 बजे से 7:45 बजे तक जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य में संतुलन बनाए रखना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां



सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन का स्वागत पुष्प बैच, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया।

इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उपस्थित योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो न केवल शरीर को निरोग रखता है बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कोलकाता से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना।

इसके बाद विधायक दिनेश राय मुनमुन ने योग साधकों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, छात्र-छात्राओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चटाई पर बैठकर पूरी तन्मयता से सामूहिक योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों को स्वास्थ्य एवं योग के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई तथा स्टेडियम परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

इस अवसर पर मीना बिसेन, किरण भलावी, ज्ञानचंद सनोडिया, गजानंद पंचेश्वर, आलोक दुबे, अजय पांडे, नवनीत सिंह, अनूप मिश्रा, शुभम राजपूत, अनीता राठौर, स्वेता मिश्रा, डाली डागोर, आचार्य महेंद्र मिश्र, छिददीलाल श्रीवास, एस.के. नेमा, शिवानी बघेल, राजीव जैरथ, मोहम्मद जिब्राईल मंसूरी, नेहा मीणा, कृष्ण लालचंदानी, दीपक मिश्रा, एस.एस. कुमरे, मनु धुर्वे, देवेन्द्र ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।